आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

नैक प्रमाणन पर एकदिवसीय कार्यशाला

दिनांक 18 जनवरी, 2020 को डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित रसायन विज्ञान विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जो कि नैक प्रमाणन व उच्च शिक्षा में गुणवत्ता पर आधारित थी। इस कार्यक्रम को आई0क्यू0ए0सी0 के सदस्य–सचिव **प्रो0 अजय तनेजा** के द्वारा आयोजित किया गया। **डा0 अरविन्द कुमार दीक्षित**, कुलपति, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता **डा0 दिनेश चन्द्र शर्मा** (राज्यस्तरीय नैक विषय विशेषज्ञ), कुमारी मायावती महिला पीजी कॉलेज, गौतम बुद्ध नगर एवं **डा0 सीमा भदौरिया**, कार्डिनेटर, राजा बलवन्त सिंह कॉलेज, आगरा ने अपने व्याख्यान में, विभिन्न महाविद्यालयों से आये प्राचार्य, कार्डिनेटरों व उनके प्रतिनिधियों को नैक प्रमाणन की प्रक्रिया और उससे सम्बन्धित कठिनाइयों के निराकरण के बारे में अवगत कराया।

कार्यशाला में राजकीय, अर्द्धसरकारी व स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के लगभग 150 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। **प्रो0 अजय तनेजा**, सदस्य–सचिव, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा नैक की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। **डा0 सीमा भदौरिया**, कॉर्डिनेटर, आर0बी0एस0 कॉलेज, आगरा ने सीमित संसाधनों से कैसे अतिरिक्त अंक प्राप्त किये जायें तथा नैक प्रमाणन के बाद महाविद्यालयों/ संस्थानों को होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। **डा0 धीरेन्द्र कुमार**, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा द्वारा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा हेतु, शासन की नीतियों के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। **श्री अरविन्द कुमार दीक्षित** जी, कुलपति डा0 बी0आर0 आंबेडकर द्वारा शीघ्र नैक प्रमाणन कराने हेतु आदेशित किया गया। **प्रो0 संजीव कुमार**, डिप्टी कार्डिनेटर, आई0क्यू0ए0सी0 ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले, डा0 अरविन्द कुमार दीक्षित, कुलपति जी, **धीरेन्द्र कुमार**, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मुख्य वक्ता **डा0 दिनेश चन्द्र शर्मा**, वक्ता **डा0 सीमा भदौरिया** तथा महाविद्यालययों के प्राचार्य एवं उनके प्रतिनिधियों व कार्डिनेटरों का धन्यवाद किया। अन्त में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री विनोद कुमार, श्री सुनीत कुमार, श्री संजीव कुमार, श्री राजेश राठौर, श्री रामदयाल व श्री अर्जुन सोनी का विशेष योगदान रहा।

(प्रो0 अजय तनेजा)

सदस्य सचिव

Member Secretary

I. Q. A. C.

Dr. Bhim Rao Ambedkar University